राजस्थान विश्वविद्यालय

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 302004

दूरभाष :– 0141–2711070, संस्थापन–द्वितीय :– 2256702

E-mail : drestablishment2@gmail.com

क्रमांकः संस्था–2/2024/10987 दिनांक :10/01/2024

NIT (एकल स्त्रोत उपापन)

राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के अध्याय 4 में उल्लेखित नियम–17 में प्रगणित शर्तों के अनुसार "एकल स्त्रोत उपापन समिति" द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय की भूमियों के राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करवाने, विश्वविद्यालय के राजस्व नजरी नक्शा तैयार करवाने, अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर रिकॉर्ड एकत्रित करने, राजस्व न्यायालय एवं अन्य सक्षम न्यायालय में स्वामित्व तय करने हेतु वाद तैयार कर न्यायालय में पेश करने, विश्वविद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जों को चिन्हित कर कब्जा हटवाने सम्बन्धित कार्यवाही इत्यादि विशिष्ट प्रकृति के कार्य सम्पादित कराने हेतु राजस्थान तहसीलदार सेवा (राजस्व विभाग) से सेवानिवृत तहसीलदार जो 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं 03 माह की अवधि हेतु सेवाएं देने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। कार्मिक को समेकित पारिश्रमिक रूपये 40,000/– प्रतिमाह (जिसमें कम्प्यूटर कार्य एवं अन्य राजस्व कार्य व्यय सम्मिलित है) देय होंगे।

इच्छुक प्रार्थी दिनांक 18.01.2024 दोपहर 01 बजे तक केन्द्रीय कार्यालय, सरदार पटेल भवन कमरा नं0 226 संस्थापन–द्वितीय में सील बन्द लिफाफे में अपना आवेदन मय दस्तावेजों सहित जमा करवा सकते हैं।

(कालूराम)
कुलसचिव

क्रमांकः संस्था–2/2024/10988–92 दिनांकः10/01/2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राज. वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त विज्ञप्ति विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।
2. समन्वयक, ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रकोष्ठ को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त विज्ञप्ति एस.पी.पी. पोर्टल पर अपलोड करने का श्रम करें।
3. वित्तीय नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राज. वि.वि., जयपुर।
4. वरिष्ठ निजी सहायक, कुलपति/कुलसचिव, राज. वि.वि., जयपुर।

(सुरेश चन्द्र शर्मा)
सहायक कुलसचिव (संस्था.–2)